मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय

उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान (मानित विश्वविद्यालय) सरदारशहर

स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान कार्यक्रम– 2022

दिनांक 27.03.2022

प्रस्तावना :

दिनांक 15.02.2022 से स्वामी रामशरण जी महाराज के प्राकट्य दिवस के अवसर पर आयोजित शताब्दी समारोह से स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान कार्यक्रम– 2022 का प्रारंभ हुआ। मानित विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा प्रारंभ इस अभियान में दिनांक 27.02.2022से मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इसके तहत प्रत्येक रविवार को संकाय के शैक्षणिक–गैर शैक्षणिक कर्मी एवं विद्यार्थी प्रातःकाल श्रमदान कर स्वच्छता अभियान में हिस्सेदारी करते हैं।

उद्देश्य :

1. भारत सरकार द्वारा प्रारंभ स्वच्छता अभियान को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने में सहयोग देना।
2. विश्वविद्यालय के स्वच्छता अभियान कार्यक्रम को गति देना।
3. शिक्षा के साथ समाजोपयोगी गतिविधियों में विश्वविद्यालय की भूमिका तय करना।
4. विश्वविद्यालय परिसर, मातृ संस्थान गांधी विद्या मंदिर तथा नजदीकी क्षेत्र को गंदगी मुक्त करना।
5. विद्यार्थियों को स्वच्छता व श्रमदान के प्रति जागरुक करना।
6. समाज को स्वच्छता व श्रमदान का संदेश देना।

कार्यक्रम विवरण :

दिनांक 27.03.2022 रविवार को प्रातः काल 07.00 पर अधिष्ठाता महोदय के आदेश की अनुपालना में संकाय के शैक्षणिक–गैर शैक्षणिक कर्मी एवं विद्यार्थी विश्वविद्यालय के ऑडिटेरियम राममंच के पास उपस्थित हुए। तत्पश्चात उक्त उद्देश्यों के तहत आयोजित स्वच्छता अभियान में राममंच के पीछे मिलाप भवन परिसर के सामने स्थित मैदान को साफ किया गया। यहाँ पर सूखी घास को उखाड़कर एकत्रित किया गया। पेड़ों की सूखी टहनियों को अलग एकत्रित किया गया। मैदान में पड़े कचरे जैसे पॉलीथिन, कागज के टुकडे. आदि को एकत्रित किया गया। मैदान में फावडे और झाडू से गंदगी हटाई गयी तथा कचरे का उचित निस्तारण किया गया। दिनांक 27.03.2022 को आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में संकाय के डॉ. विदुषी आमेटा, डॉ. ललित गौड़, श्री परमेश्वर माली और श्री ओमप्रकाश ने सहयोग किया।

कार्यक्रम समन्वयक